## क्या इसके कोई दुष्प्रभाव हैं?

जहां आपको इंजेक्शन लगाया जाता है वहां कुछ सूजन, लालिमा या पीड़ा होना आम बात है। कभी-कभी एक छोटी दर्द रहित गांठ भी हो जाती है, लेकिन यह आमतौर पर कुछ हफ्तों में गायब हो जाती है। अधिक गंभीर प्रभाव होना दुर्लभ हैं लेकिन इसमें बुखार, सिरदर्द, चक्कर आना या बेहोशी महसूस होना, बीमार महसूस होना और ग्रंथियों में सूजन होना शामिल हैं।

यदि आप टीकाकरण के बाद अस्वस्थ महसूस करते हैं, तो पेरासिटामोल लें। बोतल या पैकेट पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें और अपनी उम्र के अनुसार सही डोज़ लें। यदि आवश्यक हो तो 4 से 6 घंटे बाद दूसरी डोज़ लें।

यदि दूसरी डोज़ के बाद भी आपका तापमान अधिक है, तो अपने जीपी (GP) से बात करें या निःशुल्क NHS हेल्पलाइन 111 पर कॉल करें।

यदि आपको टीके के किसी भी संदिग्ध दुष्प्रभाव का अनुभव होता है, तो आप Yellow Card वेबसाइट पर या 0800 731 6789 (सोमवार से शुक्रवार सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक) पर कॉल करके या Yellow Card ऐप डाउनलोड करके इसकी रिपोर्ट कर सकते हैं। **www.mhra.gov.uk/yellowcard**

## अब यह जांचने का अच्छा समय है कि आप अपने सभी टीकाकरण करवा लिया है

**युवाओं के लिए टीकाकरण**

**NHS टीकाकरण**

किशोर टीकाकरण के बारे में अधिक जानकारी के लिए देखें **www.nhs.uk/vaccinations** या इसे पढ़ें **https://qrco.de/YoungPeopleImms**



**आपकी छूटी हुई डोज़ को पूरा करने में अभी बहुत देर नहीं हुई है।**

यह पत्रक UK स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी द्वारा तैयार किया गया है।

© Crown copyright 2023. 1P 100K JULY 2023 (APS). Product code: YP3BG1HI Hindi. UK Health Security Agency gateway number: 2023171.

इस पत्रक को यहां से ऑर्डर या डाउनलोड किया जा सकता है: www.healthpublications.gov.uk, इस नंबर पर फोन करके: 0300 123 1002 (लाइनें सोमवार से शुक्रवार सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक खुली रहती हैं)।

अंग्रेजी में इस पत्रक की कागजी प्रतियां ऑर्डर करने के लिए उपलब्ध हैं।

इस पत्रक के अनुवादित संस्करण भी ऑर्डर करने के लिए उपलब्ध हैं।

UK Health Security Agency

# Td/IPV किशोर 3 इन 1 बूस्टर



14 वर्ष की आयु में या स्कूल के 9वें वर्ष के दौरान आप 3 इन 1 किशोर बूस्टर डोज़ के लिए पात्र हो जाते हैं जो टेटनस, डिप्थीरिया और पोलियो को रोकता है। **Td/IPV टीका इन संक्रामक रोगों के प्रति आपके शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाएगा जो आपकी उम्र बढ़ने के साथ कम हो सकती है।**

## यह टीका मुझे किससे बचाता है?

### T टेटनस

टेटनस तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करने वाली एक दर्दनाक बीमारी है जिससे मांसपेशियों में ऐंठन हो सकती है, सांस लेने में समस्या हो सकती है और जान भी जा सकती है। यह तब होता है जब मिट्टी और खाद में पाए जाने वाले कीटाणु कटने या जलने के कारण हुए खुले ज़ख्म के माध्यम से शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। टेटनस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता है।

### D डिप्थीरिया

डिप्थीरिया एक गंभीर बीमारी है जो आमतौर पर गले में खराश से शुरू होती है और जल्दी ही सांस लेने में समस्या पैदा कर सकती है। यह हृदय और तंत्रिका तंत्र को नुकसान पहुंचा सकता है, और गंभीर मामलों में, यह जान भी ले सकता है।

### IPV पोलियो

पोलियो एक वायरस है जो तंत्रिका तंत्र पर हमला करता है जो मांसपेशियों के स्थायी लकवास का कारण बन सकता है। यदि यह छाती की मांसपेशियों या मस्तिष्क को प्रभावित करता है, तो पोलियो से मृत्यु हो सकती है।

किशोर बूस्टर वैक्सीन को Revaxis कहा जाता है, आप रोगी सूचना पत्रक यहां पढ़ सकते हैं **www.medicines.org.uk/emc/product/5581/pil**

## यदि मुझे बचपन में टेटनस, डिप्थीरिया और पोलियो के खिलाफ टीका लगाया गया था तो क्या मैं अभी भी पूरी तरह सुरक्षित हूँ?

नहीं, आपको पहले प्राप्त किए गए सुरक्षा को बढ़ाने के लिए अभी भी बूस्टर लेने की आवश्यकता होगी।

## मुझे कितने बूस्टर लेने होंगे?

अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और बनाए रखने के लिए आपको टेटनस, डिप्थीरिया और पोलियो टीकों की कुल 5 डोज़ की आवश्यकता होगी।

आपको लेना चाहिए:

**प्रथम 3 डोज़**
बचपन में

**डोज़ 4**
जब आपकी उम्र 3 से 5 साल के बीच हो, यह एक प्री-स्कूल बूस्टर है

**डोज़ 5**
स्कूल वर्ष 9 में दिया जाता है (13 से 14 वर्ष की आयु में)

## क्या मुझे भविष्य में और अधिक बूस्टर की आवश्यकता होगी?

आपको संभवतः इन टीकों के और बूस्टर की आवश्यकता नहीं होगी। हालाँकि, यदि आप कुछ देशों का दौरा कर रहे हैं तो आपको कुछ टीकों की अतिरिक्त डोज़ की आवश्यकता हो सकती है या यदि आपको कोई चोट लगी है, तो आपको दूसरे टिटनेस इंजेक्शन की आवश्यकता हो सकती है। अपने जीपी (GP) सर्जरी में अपनी प्रैक्टिस नर्स से जाँच करें।

## मुझे Td/IPV बूस्टर कैसे दिया जाएगा?

आपको आपकी ऊपरी बांह में 1 इंजेक्शन दिया जाएगा। किसी को भी इंजेक्शन लेना पसंद नहीं है, लेकिन यह बहुत जल्द लग जाता है। उपयोग की जाने वाली सुइयां छोटी होती हैं और आपको केवल एक छोटी सी चुभन महसूस होगी। यदि आप इंजेक्शन लगवाने से थोड़ा घबरा रहे हैं, तो इसे लेने से पहले नर्स या डॉक्टर को बताएं।

## क्या अब मुझे कोई अन्य टीकाकरण करवाने की आवश्यकता है?

जब आप अपना Td/IPV बूस्टर ले लेंगे तो आप अपने MenACWY टीके के लिए भी पात्र हो जाएंगे। स्कूल छोड़ने से पहले यह आपको लगवा लेना चाहिए। यदि आप इसे लगवाने से चूक गए हैं और अभी भी स्कूल में हैं तो अपनी स्कूल नर्स से बात करें। यदि आपने स्कूल छोड़ दिया है, तो आपको मिलने की व्यवस्था करने के लिए अपने जीपी (GP) प्रैक्टिस से संपर्क करना चाहिए। अपने जीपी (GP) प्रैक्टिस से जांच करना एक अच्छा विचार है कि आपने HPV और MMR (खसरा, कण्ठमाला और रूबेला) सहित आपके सभी अन्य टीकाकरण हो चुके हैं।

**यदि आपने कभी MMR टीका नहीं लगवाया है, तो आपको खसरा, कण्ठमाला और रूबेला से सुरक्षित रहने के लिए एक डोज़ अभी और दूसरी डोज़ 1 महीने बाद लेनी चाहिए।**

